# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय समाचारिकी
# Dr. Sarvepalli Radhakrishnan Rajasthan Ayurved University Newsletter

आयुर्वेदात्मकं ज्योतिः शाश्वतं नः प्रकाशताम्।

वर्ष 5 | अंक–1 | 01 जुलाई 2021




## इस अंक में


- ❖ रिसर्च प्रॉजेक्ट, क्वाथ वितरण एवं व्याख्यानमाला आयोजन पृ–2
- ❖ वित्त नियन्त्रक सेवानिवृत्ति, क्वाथ वितरण व कोरोना गाईडलाईन पृ–3
- ❖ योगामृत पुस्तिका, शिक्षक यशोवृद्धि व विभिन्न प्रतियोगिता आयोजन पृ–4
- ❖ चित्र वीथिका पृ–5–6
- ❖ विश्वविद्यालय को AIU सदस्यता व शोधपत्र/व्याख्यान प्रस्तुति पृ–7
- ❖ सम्बद्ध महाविद्यालयों से समाचार पृ–8





## कुलपति सन्देश

मानव जाति के लिए सृष्टि के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य रक्षा एवं रोगमुक्ति हेतु आयुर्वेद एक निरापद प्राकृतिक चिकित्सा विज्ञान के रूप में उपयोग में है। **'सत्वात्मा शरीरं च त्रयमेतत् त्रिदण्डवत्'** सिद्धान्त के अनुसार आयुर्वेद में मानव सत्त्व, आत्मा और शरीर इन तीन त्रिदण्ड (Tripod) रूपी तत्त्वों के संयोग से बना है। इनके सात्विक संयोग अर्थात् स्वास्थ्य के बारे में कहा हैः **''समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थ इत्यभिधीयते।''** अर्थात् आत्मा, इन्द्रिय और मन इनके प्रसन्नचित्त अथवा आनन्दमय अवस्था में होने पर और दोष, अग्नि, धातु और मलों की सम या अनुकूल प्रवृत्ति ही समुचित स्वास्थ्य का प्रतीक है। मनुष्य की स्वास्थ्य रक्षा हेतु जहां आचार्यों ने दिनचर्या, ऋतुचर्या के अन्तर्गत उपयोगी आहार और विहार का विस्तार से वर्णन किया है जिसे हम जीवनशैली (Lifestyle) के नाम से भी जानते हैं। वहीं रोग से मुक्ति हेतु पांचभौतिक आहार व औषधि के साथ उपयोगी आचार–विचार का भी विस्तार से वर्णन किया है। आयुर्वेदोक्त सामान्य चिकित्सा सहित विभिन्न विशिष्ट चिकित्सा विधाओं यथा पंचकर्म, क्षारसूत्रावचरण, जलौकावचरण, सिरा–वेध, अलाबू आदि के माध्यम से रोगमुक्ति के अनेक उपाय उपलब्ध हैं।

यदि हम स्वस्थवृत्त में वर्णित जीवनशैली की यथासम्भव पालना करते तो कदाचित् कोरोना संक्रमण का यह संकट हमें इतने बड़े स्तर पर प्रभावित नहीं करता। साथ ही हमने देखा कि इस संकट से मुक्त होने में आयुर्वेदीय चिकित्सा विधा ने अन्य चिकित्सा विधाओं की अपेक्षा अपनी विश्वसनीयता कितन प्रभावी रूप से सिद्ध की। आयुर्वेदीय चिकित्सा सिद्धान्तों पर आधारित जाने कितने ही रिसर्च प्रॉजक्ट इस काल में क्रियान्वित हुए। इनकी शत–प्रतिशत सफलता अभूतपूर्व उपलब्धि के रूप में देखी गयी। इसी विश्वसनीयता व निरापद रोगमुक्ति के प्रभावी उपाय के रूप में आज सारा विश्व आशा भरी नज़रों से आयुर्वेद की ओर देख रहा है।

उपर्युक्त संदर्भ में मेरा आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान से जुड़े हुए समस्त चिकित्सकों, अनुसंधान कर्त्ताओं और छात्र–छात्राओं से आहवान है कि वे पूर्ण मनोयोग से इसका सतत अध्ययन एवं अभ्यास करें। ऐसा करते हुए वे समाज को रोगमुक्त कर निश्चित रूपेण आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान की यशोवृद्धि में सहभागी बनेंगे। इन्हीं शुभकामनाओं के साथ।



प्रो. (डॉ.) अभिमन्यु कुमार

## कुलपति प्रो. डॉ. अभिमन्यु कुमार अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली द्वारा आयोजित वेबिनार में मुख्य अतिथि

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, नई दिल्ली द्वारा 21 जून 2021 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार में कुलपति प्रो. डॉ. अभिमन्यु कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने विद्वद् समूह को जनसामान्य में योग से स्वास्थ्य संरक्षण के सिद्धान्त को बल देते हुए इसे जीवनशैली के रूप में अपनाने के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने योग की बढ़ती हुई लोकप्रियता व आयुर्वेदोक्त स्वस्थवृत्त के सिद्धान्तों एवं योग विज्ञान के सामंजस्य को प्रतिपादित करते हुए नवीन अनुसन्धान व नवाचार किये जाने का आहवान किया।




RAJBIL/2017/74087

## कुलपति महोदय के निर्देशन में कोविड–19 रोग से बचाव हेतु महत्त्वपूर्ण रिसर्च प्रोजेक्ट मं शोध कार्य प्रगति पर

कुलपति महोदय प्रो. डॉ. अभिमन्यु कुमार के निर्देशन में विश्वविद्यालय के चिकित्सकों द्वारा वैश्विक महामारी कोविड–19 संक्रमण से बचाव हेतु एक महत्त्वपूर्ण रिसर्च प्रोजक्ट A Randomized Controlled Clinical Study on Ayurveda Intervention (AYUSH 64, Samshamani Vati and Vata Shleshmika Jvarahar Kwatha) along with Standard Care Treatment in Mild to Moderate Patients of Covid-19 पर शोध कार्य प्रगति पर है। उक्त रिसर्च प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कोविड केयर सेन्टर (जोधपुर मेडिकल कॉलेज) बोरानाडा में भर्ती कोरोना रोगियां में रिसर्च प्रोटोकॉल के अनुसार औषधि प्रयोग किया जा कर अनुसंधान गतिविधि का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिविरों में कोरोना स रक्षार्थ निःशुल्क काढ़ा व औषधि वितरण



विश्वविद्यालय के आदेशों की अनुपालना में जोधपुर के सुदूर ग्रामीण इलाकों में कोविड–19 से रोकथाम हेतु 26 अप्रेल से 31 मई 2021 तक शिविर प्रभारी प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा, उपाधीक्षक विश्वविद्यालय चिकित्सालय के नेतृत्व में चलचिकित्सा इकाई के माध्यम स विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क शिविरों का आयोजन कर ग्रामवासियो को निःशुल्क काढ़ा एवं रोगप्रतिरोधक क्षमतावर्द्धक निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। इस शिविर श्रृंखला में आयोजित 32 शिविरों में कुल 4741 रोगियों को लाभान्वित किया गया।

## मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा प्रो. डीजी थत्ते स्मृति ऑनलाईन व्याख्यानमाला का आयोजन




विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास विकास केन्द्र एवं स्नातकोत्तर रचना शारीर विभाग के द्वारा संयुक्त रूपेण 1 मई 2021 से आयुर्वेदीय शारीर विषय के प्रख्यात विद्वान् स्व. प्रो. दिनकर गोविन्द थत्ते की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में व्यावहारिक शारीर विषय पर एक ऑनलाईन व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। पहला व्याख्यान 5 मई 2021 को प्रो. जीएम कण्ठी का हुआ। इस अवसर पर मानव संसाधन विकास केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. राकेश शर्मा ने प्रा. थत्ते के जीवनवृत्त के बारे में विस्तार से बताया। शरीर रचना विभागाध्यक्ष प्रो. महेन्द्र शर्मा एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. श्योराम शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। व्याख्यानमाला का समापन 27 जुलाई 2021 को प्रो. थत्ते की जन्मतिथि के अवसर पर होगा। इस के अन्तर्गत अभी तक देश के ख्यातनाम शारीर विद्वानों द्वारा निम्नानुसार महत्त्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिये गये हैं। इन व्याख्यानों में देश एवं विदेश के शिक्षक, यूजी व पीजी छात्र पूरे मनोयोग से भाग ल रहे हैं।

| S.N. | Eminent Speaker | Designation & Place | Date | Title of the Topic |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. GM Kanthi | Ex Head. PG Dept. of Rachana Shaarir SDM College of Ayurved, Udupi, Karnataka | 05 May 2021 | A clinico-anatomical approach to Kalaa Shaarir wsr to Pulmonary Alveolar Membrane and its importance in Pranavaha Srotsa wsr to Covid-19 |
| 2. | Prof. KN Singh | Head, PG Dept. of Rachana Shaarir Faculty of Ayurved, IMS, BHU | 19 May 2021 | Ayurvedic Concept of Guda wsr to Surgico-anatomical Aspect of Ano-rectal Region |
| 3. | Prof.Nilesh Korde | Dept. of Rachana Shaarir Gomantak Ayurved College, Goa | 2 June 2021 | Applied & Spiritual Aspect of Sharir (Physical Body) |
| 4. | Prof. BG Kulkarni | Head, Rachana Shaarir Dept. & Principal, Parul Institute of Ayurved Vadodara | 16 June 2021 | Surgico-anatomical Concept of Marmas |
| 5. | Prof. Priti Desai | Head, PG Dept. of Rachana Shaarir Mahatma Gandhi Ayurved College, Wardha | 30 June2021 | Clinico-anatomical Aspcet of Kalaa Shaarir |




उक्त के अतिरिक्त केन्द्र द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 20 जून 2021 को आयाजित एक ऑनलाईन व्याख्यान म विश्वविद्यालय में योग एवं वेलनेस सेन्टर के प्रभारी डॉ. चन्द्रभान शर्मा ने **जीवेम शरदः शतम् के परिप्रेक्ष्य में योग की भूमिका** विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद प्राचार्य प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल, डीन एकेडमिक प्रो. महेन्द्र शर्मा ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अनक संकाय सदस्य, पीजी व यूजी छात्र एवं अन्य कार्मिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. राकेश शर्मा ने किया।

## विश्वविद्यालय के वित्त नियन्त्रक श्री तुलसीदास शर्मा सेवानिवृत्त



विश्वविद्यालय क वित्त नियन्त्रक राजस्थान लेखा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री तुलसीदास शर्मा अपने दीर्घ, गौरवपूर्ण एवं गरिमामय सेवाकाल की समाप्ति पर दिनांक 30 जून 2021 को सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाइ दी गई। कार्यक्रम में श्री शर्मा के परिजन, विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव श्री अरुण पुरोहित, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद के प्राचार्य गोविन्द सहाय शुक्ल, डीन एकेडमिक प्रो. महेन्द्र शर्मा सहित बड़ी संख्या मं संकाय सदस्य, अधिकारी व कर्मचारियों ने उनका माला पहना कर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उन्हें साफा, शाल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मुख्य समन्वयक, संचालन मानव संसाधन विकास केन्द्र व चीफ प्रॉक्टर डॉ. राकेश शर्मा ने किया।

## सैटेलाईट आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा कोरोना रक्षार्थ क्वाथ वितरण कार्यक्रम आयोजित



विश्वविद्यालय के आंगिक सैटेलाईट आयुर्वेद चिकित्सालय व श्री कनीराम सालगराम टाक नर्स/कम्पा. प्रशिक्षण केन्द्र पूंजला द्वारा कोरोना काल में अप्रेल 2021 से जून 2021 मास तक प्राचार्य डॉ. दिनेश राय के नेतृत्व में संस्था के कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा डोर टू डोर जाकर कोरोना गाइड लाईन का पालन करते हुए कोरोना से बचाव हेतु घर–घर रोग–प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले क्वाथ के वितरण की योजना का क्रियान्वयन किया गया जिसके अन्तर्गत प्रशिक्षण केन्द्र के आसपास तथा जोधपुर शहर के पुलिस आयुक्तालय मण्डोर, राजकीय बालिका गृह, नारी निकेतन, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान हाईकोर्ट, ग्रामीण व शहर पुलिस लाईन के छात्र–छात्राओं, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा विभिन्न वार्डों के 41184 निवासियों को क्वाथ पिलाकर

## नगर निगम उत्तर के सभी वार्डो में कोरोना से बचाव हेतु निःशुल्क काढ़ा वितरित




कोविड–19 संक्रमण से रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय व जोधपुर नगर निगम उत्तर के संयुक्त तत्त्वावधान में सभी वार्डों में निगम द्वारा चिन्हित चौबीस स्थानों पर शिविर लगाकर तीन टीमों द्वारा 1 से 8 जून तक जनसामान्य को विश्वविद्यालय की रसायन शाला में बारह औषधियों से तैयार विशेष क्वाथ (काढ़ा) पिलाते हुए घर पर निरन्तर पीने हेतु सूखा काढ़ा भी वितरित किया गया। इस अभियान का शुभारम्भ दिनांक 1 जून को महापौर श्रीमतो कुन्ती देवड़ा ने भौमिया जी का स्थान, फिदूसर व सामुदायिक भवन हरिजन बस्ती में पहुंचकर निगम कर्मचारियों एवं आम जनों को काढ़ा पिलाकर किया। महापौर ने सभी पार्षदों से कहा कि वे अपने वार्डों में शिविर लगाकर आम नागरिकों को काढ़ा वितरण कर जनसामान्य को लाभ पहुँचाने में सहयोग करें। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद के प्राचार्य गोविन्द सहाय शुक्ला, शिविर प्रभारी डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा, चीफ पाक्टर डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. पंकज, डॉ सूर्यप्रकाश, डॉ. पवन, डॉ. राजकुमार आदि ने अपनी सेवायें दीं।

## विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना विषयक विभिन्न गाईडलाईन का प्रकाशन


आयुष मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा शिशुओं के कोरोना से बचाव हेतु गाईडलाईन निर्माणार्थ कुलपति प्रो. डॉ. अभिमन्यु कुमार की अध्यक्षता में दश भर के प्रख्यात बालरोग विशेषज्ञों से युक्त एक टॉस्कफोर्स का गठन किया गया। प्रो. कुमार के कुशल निर्देशन में उक्तानुसार पूर्ण मनोयोग से आयुर्वेद सिद्धान्तों पर आधारित गाईडलाईन मैन्युअल बना कर भारतसरकार को भिजवाया गया है।

उक्त के अतिरिक्त कुलपति प्रो. कुमार के कुशल निर्देशन में ही कोरोना की रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयुर्वेद चिकित्सकों व जनसामान्य के लिए अलग–2 आयुर्वेद सिद्धान्तों पर आधारित विस्तृत गाईडलाईन मैन्युअल भी प्रकाशित किया गया है।






## स्नातकोत्तर स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा योग विषयक पुस्तिका योगामृत का प्रकाशन




विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद के स्नातकोत्तर स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग द्वारा सातवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग से स्वास्थ्य संरक्षण के थीम पर आधारित योग प्रोटोकोल एवं आयुर्वेद स्वस्थवृत्त के सिद्धान्तों के विस्तृत विवरण से परिपूर्ण पुस्तिका योगामृत का प्रकाशन किया गया है। इस पत्रिका का सम्पादन विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद मिश्रा, सह सम्पादन असिस्टेण्ट प्रोफेसर डॉ. महेश इन्द्रा व स्नातकोत्तर अध्येता डॉ. आरिफ खां गौराण द्वारा किया गया। इस पुस्तिका में योग का परिचय, इतिहास व विभिन्न योगासनों की क्रिया विधि एवं इनके स्वास्थ्य सम्बन्धी लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया है। कुलपति प्रो. डॉ. अभिमन्यु कुमार, कुलसचिव डॉ. सीमा कविया, प्राचाय प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल एवं डीन एकेडमिक प्रो. महेन्द्र शर्मा ने इस उपयोगी प्रकाशन हत सम्पादक समह की सराहना की।

## खेलकूद एवं छात्र कल्याण बोर्ड द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आनलॉइन पोस्टर व वीडियो क्लिप प्रतियोगिता आयोजित

विश्वविद्यालय खेलकूद एवं छात्र कल्याण बोर्ड द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पोस्टर व वीडियो क्लिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. गोविन्द प्रसाद गुप्ता द्वारा इस प्रतियोगिता हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरज स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर के छात्र–छात्राओं से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से सम्बन्धित पोस्टर एवं योगाभ्यास करते हुए स्वयं से सम्बन्धित वीडियो क्लिप की ऑनालाईन प्रविष्टियां आमन्त्रित की गईं। इनमें पोस्टर प्रतियोगिता में दर्शना जैन BAMS-20 बैच व गणेश चारण BAMS-16 क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। वीडियो क्लिप प्रतियोगिता में सुरुचि जैन BAMS-17 व कनिका चौधरी BAMS-19 क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे।




## प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र अध्ययन मण्डल में सदस्य मनोनीत



यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद के प्राचार्य एवं स्नातकोत्तर रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभागाध्यक्ष प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल को श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. डॉ. बलदेव कुमार द्वारा विश्वविद्यालय के अध्ययन मण्डल में सहवृत्त सदस्य के रूप में नामित किया गया है। प्रो. शुक्ल का कार्यकाल मनोनयन की तिथि से तीन वर्ष का होगा। प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद् के पूर्व सदस्य, आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व आयुर्वेद संकाय अधिष्ठाता जैसे प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत रह चुके हैं।

## प्रो. गोविन्द प्रसाद गुप्ता विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् के सदस्य मनोनीत



यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद में रोग एवं विकृति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. गोविन्द प्रसाद गुप्ता को कुलपति प्रो. डॉ. अभिमन्यु कुमार द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् में विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों में कार्यरत विभागाध्यक्षों में सदस्य के रूप में नामित किये जाने के प्रावधान के अन्तर्गत नामित किया गया है। प्रो. गुप्ता का कार्यकाल मनोनयन की तिथि से तीन वर्ष का होगा। प्रो. गुप्ता विश्वविद्यालय में खेल–कूद एवं छात्र कल्याण बोर्ड के भी अध्यक्ष हैं।


## विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 रोकथाम एवं पोस्ट कोविड सहायता हेतु आयुर्वेद, होम्योपैथी व यूनानी हेल्पलाईन प्रारम्भ

विश्वविद्यालय द्वारा जनसामान्य हेतु कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम एवं पोस्ट कोविड उपद्रवों एवं लक्षणों में विशिष्ट सहायता हेतु आयुर्वेद, होम्योपैथी व यूनानी चिकित्सा से सम्बन्धित दूरभाष हेल्पलाईन प्रारम्भ की गई है। इसके अन्तर्गत विश्वविद्यालय के उक्त तीनों चिकिसा पद्धतियों के विशेषज्ञ चिकित्सक कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम एवं पोस्ट–कोविड सम्बन्धी उपद्रवों एवं लक्षणों हेतु किसी भी प्रकार की सहायता के लिए निश्चित मोबाइल नम्बर पर परामर्श हेतु निरन्तर उपलब्ध रहेंगे। कोई भी व्यक्ति कोविड अथवा पोस्ट कोविड से सम्बन्धी किसी भी प्रकार की सहायता हेतु इन नम्बरों पर सम्पर्क कर सकता है। चिकित्सा विशेषज्ञ उसकी समस्या के त्वरित निदान हेतु सन्नद्ध रहेंगे। विश्वविद्यालय द्वारा इस सुविधा हेतु एक विशेष पोर्टल **https://rauonline.in/ayushcovid19helpline/** प्रारम्भ किया गया है। जिस पर इन सभी चिकित्सा विधाआ क विशेषज्ञ चिकित्सकों के मोबाइल नम्बर उपलब्ध हैं। इससे समाज में कोविड सम्बन्धी भ्रान्तियों को दूर कर सही जानकारी व राकथाम सम्बन्धो उपयागो परामश देने में भी सहायता मिलेगी जिसस जनसाधाराण काराना मक्त हान म पभावो रूपण सक्षम हा सकगा।

## चित्र वीथिका



कुलपति प्रो. डॉ अभिमन्यु कुमार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के अवसर योगाभ्यास करते हुए।



प्राचार्य प्रो. गोविन्द सहाय शुक्ल अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के अवसर योगाभ्यास करते हुए।



स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर में दिनांक 10 अप्रेल 2021 को विश्व होम्योपैथी दिवस पर रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन




राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर मं 21 जून 2021 को सप्तम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्नातकोत्तर स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के छात्रों द्वारा योगाभ्यास का प्रदर्शन



कोराना रोकथाव हत् न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं को श्री कनी राम सालगराम नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र, पूजला का दल निःशुल्क क्वाथ पिलाते हुए



विश्वविद्यालय के वित्त नियन्त्रक श्री तुलसी दास शर्मा दिनांक 30 जून 2021 को अपनी सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई भाषण देते हुए।

# चित्र वीथिका



एमएल निर्वाण होम्योपैथिक महाविद्यालय, बीकानेर द्वारा गोदग्राम में 5000 रोगियों को इम्युनिटी बूस्टर किट वितरित




न्यायालय परिसर में निःशुल्क क्वाथ वितरण पर शिविर प्रभारी डॉ दिनेश राय एवं टीम का सम्मान किया गया।



डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, कायचिकित्सा विभाग जोधपुर नगर निगम उत्तर के वार्ड वासियों का अपनी टीम सहित निःशुल्क क्वाथ पिलाते हुए



dainiknavajyoti .com दैनिक नवज्योति


आस-पास 84 उदयपुर, शनिवार, 15 मई 2021 4

## गोगुंदा में कोविड केयर सेंटर शुरू


नवज्योति/गोगुन्दा। उपखंड अधिकारी नीलम लखारा ने कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया एवं यहां पर एडमिट 3 मरीजों की जानकारी ली।

उपखंड अधिकारी के प्रयास से आजीविका ब्यूरो बेसिक हेल्थ केयर सर्विसेस के राजेंद्र कुमार आयुर्वेदिक महाविद्यालय कला आश्रम डॉक्टर खत्री एवं ओ पी रायपुरिया ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा विभाग गोगुंदा के संयुक्त तत्वाधान से गोगुंदा में कोविड केयर सेंटर आयुर्वेदिक कला महाविद्यालय कला आश्रम में प्रारंभ किया गया जहां पर आज 3 कोरोना संक्रमित व्यक्ति एडमिट है। इस केयर सेंटर में 40 बेड एवं 12 ऑक्सीजन कंस्ट्रटर की व्यवस्था की गई है इससे स्थानीय मरीजों को उदयपुर ले जाने का समय बच जाएगा एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है। निरीक्षण दौरान डॉक्टर ओपी रायपुरिया ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

कलाश्रम आयुर्वेद महाविद्यालय, उदयपुर में 15 मई 2021 को 40 बेड व 12 ऑक्सीजन कॉसेन्ट्रेटर के साथ जन सामान्य को सुविधा हेतु कोविड केयर सेन्टर प्रारम्भ




CHRD द्वारा आयोजित प्रो. डीजी थत्ते स्मृति व्याख्यानमाला में 19 मई को प्रो. केएन सिंह, शरीर रचना विभाग बीएचयू का **Ano-rectal Region** के व्यावहारिक पक्ष पर लेक्चर




CHRD द्वारा डॉ. अरुण महापात्र, असि. प्रोफेसर, बालरोग विभाग, AIIA. नई दिल्ली का 28 जून को **"How to write a Research Synopsis?"** विषय पर व्याख्यान आयोजित

## विविधा

### विश्वविद्यालय को एसोसिएशन ऑफ इण्डियन यूनिवर्सिटीज़, नई दिल्ली की सदस्यता मिली

आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर को एसोसियेशन ऑफ इण्डियन यूनिविर्सिटीज़ ,नई दिल्ली द्वारा इसकी सदस्यता प्रदान की गई है। एसोसियेशन ऑफ इण्डियन यूनिवर्सिटीज़ (AIU) भारत देश में स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, निजी विश्वविद्यालयो, मुक्त विश्वविद्यालयो, डीम्ड विश्वविद्यालयों आदि का मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार एवं खेल एवं युवा मामले मन्त्रालय, भारत सरकार से मान्यता प्राप्त एक स्वायत्तशासी संगठन है। बांग्लादेश, भूटान, कज़ाखस्तान, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल, थाईलैण्ड, संयुक्त अरब अमीरात एवं यूनाईटेड किंगडम के तेरह विश्वविद्यालय भी इस संगठन के सदस्य हैं। यह संगठन सदस्य–विश्वविद्यालयों के परस्पर समन्वयन एवं समुन्नयन हेतु विभिन्न कार्य सम्पादित करता है जिसके अन्तर्गत यह परस्पर विचार–विमर्श, समन्वयन, संचार माध्यम एवं अन्य हर प्रकार की समुचित आवश्यकता के लिए सेवा प्रदाता एजेन्सी के रूप में कार्य करता है। यह विश्वविद्यालयों के परीक्षा, शोध, प्रकाशन, पुस्तकालयों के स्तर के समुन्नयन हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त यह विश्वविद्यालयों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली परीक्षाओं एवं उपाधियों को अन्य भारतीय एवं वैश्विक विश्वविद्यालयों से मान्यता दिलवाने में सहायता प्रदान करता है।

यह संगठन मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर्थिक सहायता के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न संकायों के समुन्नयन, समय–समय पर कॉन्फ्रेन्स, सेमिनार, वर्कशॉप, लेक्चर और शोध हेतु विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमा का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त यह अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कॉमनवेल्थ ऑफ लर्निंग, एसोसियेशन ऑफ कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज़, कॉमनवेल्थ सचिवालय के निकटस्थ सम्पर्क में है और कई अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय संघों का सदस्य है और इनके माध्यम से विभिन्न देशों के मध्य विभिन्न शिक्षण, प्रशिक्षण एवं शोध परियोजनाओं हेतु परस्पर संकाय सदस्यों/छात्रों के आदान–प्रदान में भी यह संगठन अत्यन्त सहयोगी है।

यह सदस्य विश्वविद्यालयों के मध्य क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं, वर्ल्ड चैम्पिनयनशिप और एशियन यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में भाग लेने में सहयोगी है। यह सदस्य विश्वविद्यालयों के मध्य युवा कल्याण कार्यक्रमों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, वयस्क शिक्षा एवं अन्य इस प्रकार की गतिविधियों जिससे छात्रों का समुन्नयन एवं कल्याण हो सके, ऐसे कार्यक्रमों यथा मानव संसाधन विकास कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम आदि का आयोजन भी करता है। इस संगठन के अन्तर्गत स्थापित पुस्तकालय एवं डॉक्यूमेन्टेशन प्रकोष्ठ में उपलब्ध लगभग 21000 डॉक्यूमेन्टेशन एवं 150 जर्नल्स का विश्वविद्यालय के छात्र एवं संकाय सदस्य उपयोग कर सकते हैं। सदस्यता प्राप्त होने के उपरान्त विश्वविद्यालय एवं इससे सम्बद्धता प्राप्त राज्य के समस्त आयुष महाविद्यालयों के संकाय सदस्य एवं छात्र–छात्राएं अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता के अवसरों के साथ–2 शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अभिनव प्रयोगों से जुड़ने का लाभ उठा सकेंगे। विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर व मानव संसाधन विकास केन्द्र के मुख्य समन्वयक डॉ. राकेश शर्मा को विश्वविद्यालय की ओर से एसोसियेशन ऑफ इण्डियन यूनिविर्सिटीज़ स सम्बन्धित काया क सम्पादन हेतु नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### कुलपति महोदय एवं संकाय सदस्यों द्वारा प्रदत्त लेक्चर्स/टीवी शो/शोधपत्र आलेख

| |
|---|
| **Hon'ble Vice Chancellor Prof. Dr. Abhimanyu Kumar** was invited as Panelist in the online Webinar on **"Ayurved Ki Dasha Evam Dasha"** organized by Vishwa Ayurveda Mission & Arogya Bharati, on 11 April 2021. |
| **Dr. Prem Prakash Vyas**, HoD & **Dr. Harish Singhal,** Associate Professor, PG Dept. of Bala Roga delivered lectures on **Covid-19 in Children- An update through Ayurveda along with Preventive and Therapeutic Perspective** in a National Webinar on 27 June organized by Vishwa Ayurved Parishad, Rajasthan Unit. |
| **Dr. Prem Prakash Vyas**, Associate Professor & HoD, PG Dept. of Bala Roga delivered an online lecture on **Strong Immunity in Children- The Ayurved Concept** in a Webinar on 6 June 2021 organized by Utkarsha Ayurveda. |
| **Dr. Harish Kumar Singhal,** Associate Professor, PG Dept. of Bala Roga delivered an online lecture on **Role of Ayurved in Current Covid-19 Pandemic for Paediatric Population** on 28 June 2021 organized under "**Azadi Ka Amrut Mahotsava"** Program by Raja Ramdeo Anandi Lal Poddar Central Ayurveda Research Institute, Mumbai. |
| **Dr. Rakesh Kumar Sharma,** Associate Professor & X-HoD and **Dr. Sheoram Sharma,** Assistant Professor, Dept. of Rachana Shaarir**, Dr. Devendra Singh Chahar,** Associate Professor & HoD **& Dr. Monika Verma,** Assistant Professor, Dept. of Basic Principles delivered online lectures in **Online Teaching Program Samkalpa-2021** organized in May-June 2021 by Vishwa Ayurveda Parishad, Rajasthan Unit.for BAMS Ist year students from across the nation. |
| **Dr. Chandrabhan Sharma,** Assistant Professor & Incharge, Yoga Wellness Centre delivered an online lecture on Covid Care Yoga on 15 June 21 in **Yoga Week Celebration**s organized by International Yoga Day Committee, Jodhpur. |

| | |
|---|---|
| **Dr. Gyan Prakash Sharma,** Associate Professor, Panchakrma Dept. published an article on Managing Covid & Post Covid Complications through Panchkarma in Jalte Deep Newspaper, Jodhpur Edition on 27 June 2021. | |
| **Dr. Harish Kumar Singhal ,** Associate Professor, PG Dept. of Bala Roga, **Dr. Devendra Singh Chahar, ,** Associate Professor, PG Dept. of Basic Principles, **Dr. Seema**, Junior Resident published an article **A Review Article on Utility of Rasayana Therapy in Pandemics** in East African Scholars Journal of Medical Sciences Vol. IV and Issue No. VI. | |
| **Prof. Govind Sahay Shukla, Dr. Rajaram Agarwal,** Associate Professor**, Dr. Manisha Goyal,** Associate Professor all from Rasa Shastra Dept, **Prof. Mahendra Sharma,** Dept. of Rachana Shaarir**, Prof. Parmanand Upadhyay,** Dept. of Agada Tantra, **Prof. Govind Gupta,** Dept. of Roga Vigyana, **Dr. Brahmanand Sharma, ,** Associate Professor, Dept. of Kayachikitsa, **Dr. Vishnu Dutt Sharma, ,** Associate Professor, Dept. of Shalya Tantra and **Dr. Gyan Prakash Sharma,** Associate Professor, Dept. of Panchakarma have been live on Zee Rajasthan Channel on different days in a Show based upon different Covid-19 Pandemic related issues and live Question-Answer Session with the Audience. | |
| **Dr. Arun Mahapatra,** Assitant Professor, Bala Roga, All India Institute of Ayurveda, New Delhi delivered an online lecture on **How to write a Research Synopsis?** organized by Centre for Human Resource Department on 28 June 2021. | |

## स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक महाविद्यालय में विश्व होम्योपैथी दिवस आयाजित




10 अप्रेल 2021 को स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एव अस्पताल में होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हनेमन के जन्मदिन पर विश्व होम्योपैथी दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय लाकसभा सांसद, जयपुर श्रो रामचरण बोहरा एवं विशिष्ठ शासन सचिव श्री एनके ठकराल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के चैयरमन डॉ. एसएस अग्रवाल, सीईओ डॉ. सर्वेश अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में फैकल्टी सदस्य भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर माननीय सांसद श्री रामचरण बोहरा ने इस चिकित्सा पद्धति की विशेषताओं के बारे में बताया और कहा कि यह रोग मुक्ति की एक श्रेष्ठ विधा है। विशिष्ट शासन सचिव श्री एनके ठकराल ने होम्योपैथी की विशषताओं के बारे में बताते हुए इसके प्रचार–प्रसार हेतु विशेष रूपेण प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में 17 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर पीजी/यूजी पाठ्यक्रम उत्तोण करन वाल तोन टापर विद्यार्थियों को उपाधि वितरण कायक्रम क अन्तगत डॉ. महिमा को गोल्ड, डॉ. रानू को सिल्वर व डॉ. खुशबू को ब्रॉज़ मैडल पदान दिया गया।

## श्री भंवरलाल दूगड़ आयुर्वेद विश्व भारती, सरदारशहर द्वारा आयोजित गतिविधियां




महाविद्यालय द्वारा हरिद्वार कुम्भ मेले में अप्रेल माह में लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं को सर्वज्वरहर क्वाथ पिलाया गया। इसके अतिरिक्त मइ माह में 42 माइल्ड कोविड–19 सक्रमण पॉजिटिव रोगियों को भर्ती किया गया जिसमें अब सभी स्वस्थ हो चुके हैं। जून माह में 500 लीटर क्षमता वाले एक ऑक्सीजन प्लाण्ट की स्थापना की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्रामों से आए हुए 30 प्रशिक्षणार्थियों के 3 बैच का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। इन पशिक्षणाथिया का विशषज्ञा द्वारा क्वाथ निर्माण पक्रिया, आसन, प्राणायाम, कोरोना रोग जानकारी व इससे बचाव के पभावो उपाय, चिकित्सा प्रबंधन, पल्स ऑक्सीमीटर आदि का प्रशिक्षण प्रदान कर प्रमाण–पत्र प्रदान किए गये।


| संरक्षक | उप संरक्षक | सम्पादक | सह–सम्पादक | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रो. (डॉ.) अभिमन्यु कुमार | श्री सीमा कविया RAS | डॉ.राकेश कुमार शर्मा | डॉ.मोनिका वर्मा | डॉ. अरुण दाधीच | डॉ. हरीश सिंघल |
| कुलपति | कुलसचिव | एसोसिएट प्रोफेसर रचना शारीर एवं चीफ प्रॉक्टर | असिस्टेण्ट प्रोफेसर मौलिक सिद्धान्त | असिस्टेण्ट प्रोफेसर रोग व विकृति विज्ञान | असिस्टेण्ट प्रोफेसर कौमारभृत्य |

सम्पर्कः डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कड़वड़, नागौर रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 65, जोधपुर (राज.)
Phone: 0291-2795312, Fax:0291-2795300 E-mail: rau_jodhpur@yahoo.co.in Website: www.education.rajasthan.gov.in/raujodhpur

स्वत्वाधिकारी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के लिए डॉ. राकेश कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, रचना शारीर विभाग द्वारा प्रकाशित एवं मुदित तथा विजय प्रिन्टर्स, त्रिपोलिया बाज़ार, जोधपुर से मुद्रित एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादकः डॉ. राकेश कुमार शर्मा


सेवा में प्रिण्टेड बुक भारत सरकार की सेवार्थ

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------

-----------------------------------------------